प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 05.01.2025

मुख्य समाचारः–

- नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए–एक सुरक्षाकर्मी भी शहीद।

- भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने आज पन्द्रह जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की।

- मुख्यमंत्री ने गरियाबंद जिले में करीब दौ सौ विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

- चीन में फैले एचएमपी वायरस पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की कड़ी नजर–लोगों से कहा – घबराए नहीं, सावधानी बरते।

माओवादी मुठभेड़

छत्तीसगढ़ में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। इस मुठभेड़ में एक सुरक्षाकर्मी भी शहीद हुआ है।

*नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद स्पेशल टास्क फोर्स और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी की एक संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर थी। ऑपरेशन के दौरान बीती शाम सुरक्षा बलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ रुक रुक कर रात भर जारी रही। इस मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। वहीं, डीआरजी का एक हेड कांस्टेबल भी शहीद हो*

*गया है। सुरक्षा बलों ने मारे गए माओवादियों के शव बरामद कर लिए हैं। मौके से एके–फोर्टी सेवन और सेल्फ लोडिंग राइफल समेत बड़ी संख्या में हथियार और गोला–बारूद भी बरामद हुआ है।*

मुठभेड़ में शहीद प्रधान आरक्षक सन्नू कारम के पार्थिव शरीर को दंतेवाड़ा के पुलिस लाइन कारली में सलामी दी गई।

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सल ऑपरेशन की जानकारी दी। होल्ड बाईट –

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुठभेड़ में शहीद जवान के प्रति दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि शहीद जवान का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबल के जवान बहुत ही मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं और उसके खात्मे तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

इधर, बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने दो–दो किलोग्राम के दो आईईडी बरामद किए हैं। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के जवान रोड ओपनिंग और तलाशी अभियान पर निकले थे। इसी दौरान आवापल्ली–बासागुड़ा मार्ग पर मुरदण्डा के पास दो आईईडी बरामद किए गए, जिसे बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दियझं

भाजपा–जिलाध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा आज पन्द्रह जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार रमेश ठाकुर को रायपुर शहर और श्याम नारंग को रायपुर ग्रामीण का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

भाजपा प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने नव नियुक्त जिलाध्यक्षों की जानकारी दी।

महेश जैन को कांकेर, पुरूषोत्तम देवांगन को भिलाई, सुरेन्द्र कौशिक को दुर्ग, घासीराम नाग को बीजापुर, लालजी यादव को गौरेला–पेण्ड्रा, चेमन देशमुख को बालोद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही मुरलीधर सोनी को सूरजपुर, दीनानाथ केशरवानी को मुंगेली, अरूंणधर दीवान को रायगढ़, ओमप्रकाश जायसवाल को बलरामपुर, भरत सिंह को जशपुर, नम्रता सिंह को मोहला–मानपुर और मनोज शर्मा को कोरबा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

<u>मुख्यमंत्री–पत्रकार हत्या</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर दुख जताया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इस घटना की जांच के लिए राज्य सरकार की ओर से एसआईटी का गठन किया गया है। तीन अपराधी पकड़े भी गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा। ठेकेदार के सारे अकाउंट सील कर दिए गए हैं और उसके अवैध कब्जे भी हटाए गए हैं।

<u>मुख्यमंत्री–लोकार्पण</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज गरियाबंद जिले में तीन सौ अड़तीस  करोड़ रूपये के एक सौ तिरानवे विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गरियाबंद में देवभोग–झाखरपारा मार्ग में पुल निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण से आसपास के गांवों के लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अब तक प्रदेश में आठ लाख छियालीस हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। जल्द ही प्रदेश को अतिरिक्त साढ़े तीन लाख

आवासों की स्वीकृति मिलेगी। राज्य सरकार की इस पहल से हर जरूरतमंद परिवार के अपने घर का सपना साकार होगा।

एचएमपी वायरस

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह पिछले कुछ हफ्तों में चीन में फैले एचएमपी वायरस पर कड़ी निगरानी रख रहा है। मंत्रालय ने लोगों को भी सावधानी बरतने को भी कहा है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद – आईसीएमआर एचएमपी वायरस के परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं की संख्या में वृद्धि करेगी और समूचे वर्ष के दौरान इस वायरस की प्रवृत्तियों पर निगरानी सुनिश्चित करेगी।

उच्च न्यायालय–प्रतिनियुक्ति

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि प्रतिनियुक्ति आदेश जारी करने से पहले कर्मचारी की सहमति लेना आवश्यक है। उच्च न्यायालय ने कहा कि बिना सहमति के किसी पर भी आदेश अधिरोपित नहीं किया जा सकता। न्यायाधीश एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने राज्य शासन के दो आदेशों पर रोक भी लगा दी है। अदालत ने राज्य शासन को चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई दस फरवरी को होगी।

गौरतलब है कि कुम्हारी नगरपालिका में सीएमओ के पद पर पदस्थ एनआर चंद्राकर ने याचिका दायर कर तबादला आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने नगरपालिका अधिनियम में दिए गए प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि सहायक उप निरीक्षक को सीएमओ के पद पर पदस्थ नहीं किया जा सकता। सहायक उपनिरीक्षक का पद सब आर्डिनेट कर्मचारी है। राज्य शासन ने नियमों के विपरीत रिप्लेसमेंट कर दिया है।

मंत्री–लोकार्पण

वन मंत्री केदार कश्यप ने कल बीजापुर जिले के मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीस करोड़ इकतालीस लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस दौरान श्री कश्यप ने पूर्ण आवास प्राप्त हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबियां सौंपीं। जबकि नए आवास के लिए स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने स्व–सहायता समूहों को पचहत्तर हजार और तीन लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इसके साथ ही वन अधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए।

इधर, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने आज नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा में छह करोड़ पन्द्रह लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने एक करोड़ दो लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।

वहीं, आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने बलरामपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत डौरा में सात करोड़ अस्सी लाख रूपए से अधिक के इकतीस विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

शिक्षक–बर्खास्त

स्कूल शिक्षा विभाग ने लंबे समय से अनुपस्थित जशपुर जिले के दो शिक्षक सहित चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बर्खास्तगी का आदेश जारी किया है। जिन शिक्षकों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है, इसमें शासकीय प्राथमिक शाला गरांज में पदस्थ सहायक एलबी शिक्षक भागन राम और बिजाघाट के सहायक एलबी शिक्षक राजू राम के अलावा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरडेग के सहायक ग्रेड–तीन आलोक कुमार भगत और शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढोढर अम्बा के भृत्य प्रमोद मिंज शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

- जांजगीर–चांपा जिले के पुछेली गांव के पास एक वाहन ने मोटर सायकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

- सक्ती जिले के बाराद्वार क्षेत्र के रिस्दा पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। इसी जिले के दुरपा मोड़ के पास एक वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से सात लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से गंभीर रूप से घायल चार लोगों को बिलासपुर रिफर किया गया है।

- रायगढ़ जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित ढिमरापुर रोड पर आज सुबह एक होटल में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

<><><><><>